उत्तराखंड में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये सोवनियिर बनाने के निर्देश

चर्चा में क्यों?

1 नवंबर, 2022 को उत्तराखंड के मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने एमएसएमई की समीक्षा बैठक में बताया कि राज्य में चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिये सोवनियिर तैयार किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- डॉ.एसएस संधू ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान राज्य में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं के लिये सोवनियिर तैयार होने से राज्य में युवाओं एवं महिलाओं हेतु स्वरोज़गार की राह खुलेगी।
- उन्होंने बताया कि सोवनियिर के लिये डिज़ाइन, गुणवत्ता, उत्पादन और मार्केटिंग पर फोकस किया जाना चाहिये तथा सोवनियिर के साइज और पैकेजिंग पर भी विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है, ताकि श्रद्धालुओं को इन्हें ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।
- मुख्य सचिव ने शिकायत निवारण तंत्र को मज़बूत करने तथा राज्य स्तर व ज़िला स्तर पर शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। किसी भी प्रकार की योजना को लाने के लिये निवेशकों से सुझाव लेने और उनके सामने आ रहीं समस्याओं के निराकरण पर फोकस करते हुए निवेशकों को अधिक-से-अधिक सपोर्ट करना चाहिये।
- उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोज़गार योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में फील्ड स्तर पर फीडबैक ज़रूर लिया जाए, ताकि उद्यमियों की ओर से योजनाओं का अधिक-से-अधिक लाभ लिया जा सके।
- उन्होंने एक ज़िला, दो उत्पाद को बढ़ावा देने, इन्हें ग्रोथ सेंटरों से जोड़ने और विभागीय प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिये, ताकि सिंगिल विंडो से निवेशकों को लाभ मिले।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/souvenirs-for-the-devotees-coming-to-uttarakhand